# <u>प्रेस नोट</u>

## <u>उद्यमी चर्चा (आन्ट्रप्रनर टॉक)</u>

**हिन्दुस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड कम्प्यूटर स्टडीज** में आज एक उद्यमी–चर्चा (आन्ट्रप्रनर टॉक) का आयोजन किया गया।

चर्चा का शुभारंभ एम0सी0ए0 विभागाध्यक्ष **श्री एन0 के0 मिश्रा** द्वारा सभी उपस्थित विद्यार्थियों तथा मेहमान उद्यमियों के स्वागत से हुआ। इस चर्चा के महत्व पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि एच0आई0एम0सी0एस0 का मानना है कि विद्यार्थियों को औद्यौगिक माहौल का अनुभव मिले ताकि वे नौकरी लेने के साथ–साथ नौकरी देना भी सीखें।

इस अवसर पर **ई–गेन** दिल्ली के निदेशक **श्री तेजेन्दर अरोड़ा** तथा **ब्रिलियेंट इंडियन टेक्नोलोजीस्** आगरा के निदेशक **श्री अपूर्व शल्य** उपस्थित थे जिन्होने नये आई0टी0 उद्यम को शुरू करने तथा चलाने में आने वाली समस्याओं के बारे में बताया। इसके अतिरिक्त विभिन्न सरकारी तथा गैर सरकारी प्रोजेक्टस् को कैसे लें तथा इनमें शामिल जोखिमों के बारे में भी बताया। श्री अपूर्व शल्य एच0आई0एम0सी0एस0 के एम0सी0ए0 विभाग के पूर्व छात्र भी रहे हैं। उन्होने एम0सी0ए0 क्षेत्र की विभिन्न रोजगारपरक गतिविधियों के बारे में चर्चा की तथा इस क्षेत्र में दिन प्रतिदिन बढ़ रही कुशल कर्मचारियों की कमी के बारे में भी बताया।

इस अवसर पर विभाग के **श्री अखिलेश चन्द्र (सहा0 प्रॉफेसर), श्री प्रशान्त कुमार शर्मा (सहा0 प्रॉफेसर), श्री विवेक पांड्ेय (सहा0 प्रॉफेसर)** तथा सभी विद्यार्थीगण उपस्थित थे।